# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: 3528/गोप0/22 | दिनांक: 19.12.2022

## अनुस्मारक

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

विषय :– **सत्र 2022–23 की मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षा एवं मूल्यांकन हेतु परीक्षक नामित किये जाने के लिए प्राचार्य/प्रवक्ताओं की सूची अपलोड कराने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक: 3298/गोप0/22, दिनांक: 15.11.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से दिनांक 25.11.2022 तक सत्र 2022–23 की मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के लिए परीक्षक नामित किये जाने हेतु आपके महाविद्यालय में कार्यरत अनुदानित/मानदेय/स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत अनुमोदित एवं अद्यतन लगातार कार्यरत प्राचार्य/प्रवक्ताओं का विवरण तथा उच्च शिक्षा निदेशालय से अनुमोदित मानदेय प्रवक्ताओं का विवरण एक्सेल शीट पर ई–मेल आई.डी. examcontroller18219@gmail.com पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि अब तक अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए आपसे पुनः अनुरोध है कि वांछित सूचनायें दिये गये गुगल शीट लिंक पर दिनांक: 02.01.2023 तक पूरित कर उसके प्रमाणित प्रति की स्कैन्ड कापी अधोहस्ताक्षरी के ईमेल आई.डी–examcontroller18219@gmail.com पर अपलोड करने का कष्ट करें। यदि उक्त तिथि तक मांगी गयी वांछित सूचनायें महाविद्यालय से अप्राप्त होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

गुगल शीट का लिंक :–
(https://docs.google.com/spreadsheets/d/1n7Cpy_SYB02ZWIfV58pU4cRDOSS8flMEek1K1s0jplM/edit?usp=sharing)

भवदीय

(बी.एन. सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित :–**

1. सम्मानित दैनिक समाचार सम्पादक **दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, अमर उजाला** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में ऐसे किसी भी पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों एवं इलाहाबाद में पहुँचता हो, जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी, वेबमास्टर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. विश्वविद्यालय सूचना पट्ट पर चस्पा किये जाने हेतु।

(अजीत प्रताप सिंह)
सहायक कुलसचिव